भारत का पाक पर तीखा प्रहार

- सुरक्षा परिषद की खुली बहस में हुई बहस
- संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर भी उठाए सवाल

नई दिल्ली, 24 जुलाई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत ने पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कथित दमन और मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया है.

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरिश ने कहा कि पाकिस्तान में लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता पर लगातार प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं. विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित बहस में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद भारत ने जवाब दिया. पी. हरिश ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में लोगों के मौलिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संगठन की आजादी के दमन को देख रही है. भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में होने वाली घटनाएं किसी एक घटना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही नीतियों का परिणाम हैं. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अन्य देशों में समान घटनाओं पर जिस तरह प्रतिक्रिया दी जाती है, वैसी प्रतिक्रिया पाकिस्तान के मामलों में दिखाई नहीं देती.

पी. हरिश ने पाकिस्तान में राजनीतिक हालात का जिक्र करते हुए नेताओं की गिरफ्तारी और विपक्षी दलों पर कार्रवाई जैसे मुद्दे भी उठाए. उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाली गतिविधियां चिंता का विषय हैं. भारत ने पाकिस्तान के संवैधानिक बदलावों और सेना की भूमिका पर भी टिप्पणी की.

> भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि सेना के प्रभाव ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपने आंतरिक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल गलत जानकारी फैलाने के लिए नहीं करना चाहिए. भारत ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा. भारत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर एकमात्र लंबित विषय पाकिस्तान द्वारा भारत के क्षेत्र पर अवैध कब्जे से जुड़ा है. नई दिल्ली ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसे मामलों में निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाने की अपील की.

15 करोड़ की हेरोइन सहित दो आरोपी दबोचे

चंडीगढ़, 24 जुलाई। पंजाब के तरनतारन जिले में पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। सीआईए स्टाफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन, दो पिस्टल, दो मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गई है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि कुछ लोग इलाके में नशीले पदार्थों की तस्करी करने की तैयारी में हैं. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की और संदिग्धों को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई. इसके अलावा उनके पास हथियार भी मिले, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.

रोमानिया भारत का स्वाभाविक साझेदार : मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा

बुखारेस्ट, 24 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं मौजूद हैं.

कार्यक्रम में रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन, रोमानिया सरकार के प्रतिनिधि, भारतीय और रोमानियाई उद्योग जगत के प्रमुख लोग तथा दोनों देशों के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यूरोप के महत्वपूर्ण संपर्क बिंदु पर स्थित रोमानिया अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल श्रम शक्ति और औद्योगिक क्षमता के कारण भारत का स्वाभाविक साझेदार है. उन्होंने कहा कि रोमानिया यूरोपीय संघ के बड़े बाजार तक पहुंच बनाने के लिए भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. व्यापार और आर्थिक सहयोग भारत-यूरोपीय संघ संबंधों का प्रमुख आधार है. भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता दुनिया की बड़ी आर्थिक साझेदारियों में से एक साबित हो सकता है. इसके माध्यम से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, निवेश के अवसर बढ़ेंगे और मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं का निर्माण होगा.

> राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि कर व्यवस्था को सरल बनाने और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन जैसी योजनाओं के जरिए भारत निवेशकों के लिए बेहतर कारोबारी वातावरण तैयार कर रहा है. उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीन ट्रांजिशन, रसायन, उर्वरक, डिजिटल तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत-रोमानिया सहयोग की संभावनाएं बताईं.

पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द

नई दिल्ली, 24 जुलाई. राजधानी में सीजेपी प्रदर्शन और कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया है. दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की नियमित छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं.

दिल्ली पुलिस प्रशासन ने जारी किया आदेश

जारी आदेश के अनुसार, यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी. इसमें दिल्ली पुलिस के सभी स्तर के कर्मचारी शामिल हैं. यानी कांस्टेबल से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक किसी को भी सामान्य छुट्टी, अर्जित अवकाश या अन्य नियमित अवकाश नहीं मिलेगा. पुलिस मुख्यालय ने अपने आदेश में कहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत बनाए रखना आवश्यक है.

सख्त कानून से बढ़ेगा छात्रों का आत्मविश्वास : धामी

- फास्ट ट्रैक कोर्ट पर पीएम का सीएम ने किया स्वागत
- पेपर लीक मामले में सख्त कानून पर दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, 24 जुलाई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो संदेश पर अपनी प्रतिक्रिया दी. सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश छात्रों के प्रति केंद्र की चिंता को दर्शाता है और उन्हें सरकार की ओर से छात्रों की समस्याओं को संभालने के तरीके पर भरोसा है.

धामी ने देहरादून में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, आजादी के बाद जनता, युवा और गरीब उन्मूलन से जुड़े हुए देश के अनेक ज्वलंत मुद्दे थे. ऐसे मुद्दों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सुलझाया है. उन्होंने इन मुद्दों को लेकर कई सख्त प्रावधान किए और उन्हें जड़ से समाप्त करने का कार्य किया.

> वन्य जीव से जुड़े कार्यक्रमों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, हमारे राज्य में वन्यजीव और जंगल बहुत अहम हैं और राज्य का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है. इसलिए, इनसे जुड़े कई मुद्दे और चिंताएं हैं. सीएम धामी ने आगे कहा, अगर मैं कहूं कि हमारे राज्य का विकास वन विभाग से होकर गुजरता है, तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. ऐसी बैठकें विकास के नए रास्ते खोलेंगी. आस-पास के इलाकों की समस्याओं और राज्य की विकास योजनाओं को और गति मिलेगी, और उनकी प्रगति के लिए तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता बनेगा.

बॉम्बे हाईकोर्ट ने दो विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए

मुंबई, 24 जुलाई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए औरंगाबाद तथा नागपुर में दो विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित किए हैं. यह फैसला परीक्षा प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं पर शीघ्र न्यायिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है. हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने यह निर्णय केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के 23 जुलाई 2026 के अनुरोध के बाद लिया.

ईरान को कीमत चुकानी होगी

अमेरिका सैन्य अभियान जारी रखेगा : ट्रंप

वाशिंगटन, 24 जुलाई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के साथ बढ़ते तनाव के दौरान वाणिज्यिक जहाजों या कार्गो को हुए किसी भी नुकसान की भरपाई अमेरिका के कब्जे में मौजूद ईरान की जब्त की गयी संपत्ति से की जाएगी. साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका तुरंत युद्धविराम करने के बजाय ईरान के खिलाफ अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा. श्री ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, जहाजों या कार्गो को हुए किसी भी नुकसान का भुगतान ईरान के उस पैसे से किया जाएगा जो अमेरिका के कब्जे और नियंत्रण में है.

उन्होंने कहा ये नुकसान बहुत बड़ा हो सकता है, लेकिन फिर भी, यही सही और उचित कदम है. श्री ट्रंप का यह बयान ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में सऊदी जहाजों को निशाना बनाने के एक दिन बाद आया है, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़कर लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल हो गयी हैं.

99.8% राशन कार्ड डिजिटल, फिर भी करोड़ों रिकॉर्ड में खामियां

नई दिल्ली, 24 जुलाई। देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में डिजिटलीकरण के बावजूद बड़ी चुनौतियां सामने आई हैं। संसद में पेश की गई उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राशन कार्डों के डिजिटल रिकॉर्ड की जांच के दौरान 2.91 करोड़ कार्डों में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां पाई गईं.

नाम सुधार सूचना

मैं भागीरथी सिंह तिवारी उम्र-48 वर्ष पिता श्री तीरथ सिंह तिवारी निवासी वार्ड नं.15 मौहारी कटरा जिला सतना म.प्र. का निवासी होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मैंने अपने पुत्र शशांक सिंह तिवारी के नाम पर एलआईसी की एक पालिसी ले रखी है जिसका पॉलिसी क्र .357585209 है जिसमें मेरे पुत्र का घरेलू नाम स्लेक सिंह तिवारी पिता भागीरथी सिंह तिवारी दर्ज हो गया है जबकि उसके आधार कार्ड व बैंक पासबुक में शशांक सिंह तिवारी पिता भागीरथी सिंह तिवारी दर्ज है अतः मेरे पुत्र की उक्त पालिसी में दर्ज नाम स्लेक सिंह तिवारी के स्थान पर शशांक सिंह तिवारी पिता भागीरथी सिंह तिवारी दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है. स्लेक सिंह तिवारी और शशांक सिंह तिवारी एक ही व्यक्ति के नाम हैं अलग-अगल नहीं है.

पीएम मोदी ने रहमान को भेजा निमंत्रण

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की एंट्री का रास्ता खुला

नई दिल्ली, 24 जुलाई. भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स समिट के लिए निमंत्रण दिया है. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस समिट में वैश्विक सहयोग, व्यापार और सतत विकास को लेकर बातचीत होने की उम्मीद है.

बांग्लादेश के विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने गुरुवार दोपहर को रिपोर्टरों से बात करते हुए कन्फर्म किया कि विदेश मंत्रालय को भारत से निमंत्रण पत्र मिला है और इसे प्रधानमंत्री कार्यालय भेज दिया गया है.

क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने की कोशिश

बांग्लादेशी मीडिया ने बताया कि 11 सदस्यों वाले सदस्य का मेंबर या ऑब्जर्वर न होने के बावजूद, भारत ने बांग्लादेश को विशेष अतिथि के तौर पर निमंत्रण दिया है. भारत की तरफ से यह खास कदम दोनों देशों के आपसी रिश्तों को मजबूत करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है. अभी ब्रिक्स के सदस्य ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात हैं. भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' थीम पर आधारित है, जो 2025 रियो समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए लोगों पर केंद्रित और मानवता को सबसे पहले रखने वाले नजरिए को दिखाता है. पिछले महीने, भारत सरकार ने बांग्लादेश में अपने उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी को यूनियन कैबिनेट मिनिस्टर का दर्जा दिया, जो यह दिखाता है कि नई दिल्ली ढाका के साथ संबंधों को कितना महत्व देती है.

छात्रों के साथ खड़ा होना संवैधानिक कर्तव्य

नई दिल्ली 24 जुलाई. कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक और छात्र आंदोलनों के मुद्दे पर केंद्र सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने द हिंदू में प्रकाशित अपने लेख एक शिक्षा व्यवस्था का पतन, युवा भारत का आघात में आरोप लगाया कि देश की शिक्षा व्यवस्था गहरे संकट से गुजर रही है और सरकार छात्रों की चिंताओं का समाधान करने के बजाय विरोध प्रदर्शनों को दबाने का प्रयास कर रही है. सोनिया गांधी ने कहा कि देशभर में छात्र पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, जवाबदेही और शिक्षा सुधारों की मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि छात्रों के आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि अपने भविष्य को सुरक्षित करने की चिंता से प्रेरित हैं. ऐसे में सरकार को उनके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, न कि उन्हें कठोर कार्रवाई का

खरगे-राहुल ने किया सोनिया का समर्थन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख का समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करना हम सबका नैतिक, राजनीतिक और संवैधानिक दायित्व है. श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर लेख को साझा करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया है और यह सरकार दंडमुक्ति, आत्ममुग्धता असंवेदनशीलता से काम करने की आदी हो गई है. श्री गांधी ने कहा कि प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने छात्रों के साहस का जवाब कायरता और बर्बरता से दिया है और उनके साथ भविष्य के निर्माणकर्ताओं की तरह नहीं बल्कि देश के दुश्मनों की तरह व्यवहार किया है.

नाम सुधार सूचना

मैं सुखेन्द्र सिंह परिहार उम्र-69 वर्ष पिता श्री रामदयामन सिंह परिहार निवासी वार्ड नं.03 बजरंग कॉलोनी नागौद तह.नागौद जिला सतना (म.प्र.) का निवासी होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि MPPTCL SR.T.A.G(II) सतना से दिनांक 01.10.2017 को रिटायर हो चुका हूं, मेरा पेंशन आर्डर जारी हुआ है जिसका पी.पी.ओ.नं.RAO/TR/PONS/964 दिनांक 09.10.2017 है जिसमे नामिनी के रूप में मेरी पत्नी का नाम प्रभा सिंह दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम प्रभा सिंह परिहार है जो उसके आधार कार्ड, पैनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. अतः मेरे पेंशन पेमेंट आर्डर में दर्ज नाम प्रभा सिंह के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार सुधा सिंह परिहार दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है. ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अलग-अलगत नहीं है.

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस MP19R-2021-0190568 में मेरा नाम बसंत लाल वर्मा लिखा गया है। जो गलत है.जबकि मेरा वास्तविक, सही नाम बसंत लाल केवट है. मेरे आधार कार्ड व अन्य सरकारी रिकॉर्ड मे उक्त नाम लिखा है. आज प्रकाशित दिनांक 25/07/2026 से सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में बसंत लाल केवट लिखा पढ़ा वा जाना जावे. जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

पता -बाबूलाल केवट, 186 वार्ड क्रमांक 9 ग्राम धोबहट पोस्ट मुकुंदपुर धोबहट जिला सतना मध्य प्रदेश 485775

नाम सुधार सूचना

In The Court of District Judge, Civil Court Rampur Baghelan, Distt.Satna M.P.
Presiding Officer : श्री पंकज यादव (RCS HM/23/2025)
राजीव कुमार सोनी
Vs
उषा सोनी
Process Id-1984/2026 **पेशी दिनांक:-08.09.2026**

प्रेषिती- 1. उषा सोनी केयर आफ अनिल सोनी तनय श्री रामरतन सोनी निवासी लोक नायक स्कूल के पास डॉ.सुरेश निगम के मकान के बगल में पाण्डेन टोला रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र.

यह कि प्रार्थी राजीव कुमार सोनी ने आवेदन पत्र याचिका बावत विवाह विच्छेद के लिये वाद संस्थित किया है. यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो व इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के नियत पेशी दिनांक 08.09.2026 के पूर्व वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिय गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मूजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 20 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

पंकज यादव
जिला न्यायाधीश
रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म.प्र.

न्यायालय की मुद्रा

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा

एक नजर में

विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

गुरदासपुर. विदेश जाने का सपना दिखाकर ठगी करने वालों के खिलाफ गुरदासपुर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. जिले में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं. पुलिस ने शिकायतों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. पहला मामला थाना दोरांगला क्षेत्र का है. यहां गांव शाहपुर अफगाना निवासी बिक्रमजीत सिंह ने पुलिस को शिकायत दी. शिकायत में आरोप लगाया गया कि कुलविंदर सिंह निवासी कलानौर और करतार सिंह व अवतार सिंह निवासी गांव भैणी खादर ने उसे इटली भेजने का भरोसा दिया था. आरोप है कि विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर उससे 5.80 लाख रुपये लिए गए. पैसे लेने के बाद आरोपियों ने न तो उसे इटली भेजा और न ही रकम वापस की. शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. दूसरा मामला थाना बहरामपुर क्षेत्र से जुड़ा है. इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद हरमनजीत सिंह निवासी खालड़ा (तरनतारन) और कोटे राजू निवासी हैदराबाद के खिलाफ केस दर्ज किया है. आरोपियों ने करण थापा को यूके भेजने का झांसा दिया और उससे 14.52 लाख रुपये ले लिए. पीड़ित का आरोप है कि रकम देने के बाद भी विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई और पैसे वापस नहीं किए गए. दोनों मामलों में पुलिस ने धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस का कहना है कि विदेश जाने से पहले एजेंट की विश्वसनीयता, दस्तावेज और लाइसेंस की पूरी जांच करनी चाहिए, ताकि लोग ठगी का शिकार होने से बच सकें.

गुरदासपुर में दो मामले दर्ज

कनाडा में पंजाबी युवती की गला घोंटकर हत्या

मामले में लिव-इन पार्टनर को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़, 24 जुलाई. कनाडा के एडमोंटन में पंजाब की रहने वाली एक 23 वर्षीय भारतीय मूल की महिला की कथित हत्या का मामला सामने आया है. महिला की मौत उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा कथित रूप से गला घोंटने के कारण हुई.

मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है. मृतका की पहचान पंजाब के लुधियाना जिले के समराला निवासी दमनप्रीत कौर के रूप में हुई है. बताया गया है कि वह कनाडा के एडमोंटन में रह रही थीं. पुलिस ने इस घटना को करीबी संबंधों से जुड़ी हत्या यानी इंटिमेट पार्टनर होमिसाइड के रूप में दर्ज किया है. 9 जुलाई को शाम करीब 6:44 बजे सिल्वरबेरी इलाके में एक घर से संदिग्ध चोटों वाली एक महिला के बेहोश अवस्था में मिलने की सूचना मिली थी. सूचना मिलने के बाद दक्षिण-पूर्व शाखा के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी. इलाज के दौरान 12 जुलाई को उसने दम तोड़ दिया. जांच के दौरान पुलिस ने एक वयस्क पुरुष को हिरासत में लिया था. इसके बाद 22 वर्षीय रितिश कुमार को गिरफ्तार किया गया.

शादी के 10 दिन बाद दुल्हन गायब

शादी के सिर्फ 10 दिन बाद एक नवविवाहिता के प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है. महिला शादी के बाद अपने पति के साथ मायके में फेरे की रस्म निभाने आई थी, इसी दौरान वह अचानक घर से गायब हो गई. परिजनों के अनुसार, उन्होंने नवविवाहिता की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. जांच के दौरान उन्हें पता चला कि इलाके का एक युवक भी अपने घर से लापता है. इसके बाद परिवार ने दोनों के साथ जाने की आशंका जताई. मामला माछीवाड़ा थाने पहुंचा, जहां परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

आज का इतिहास

1689- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1813- भारत में पहली बार नौका दौड़ प्रतियोगिता कलकत्ता में आयोजित.
1837- इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलतापूर्वक प्रदर्शन.
1920- मध्य प्रदेश के पाँचवें पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह का जन्म.
1963- अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए.
1978- दुनिया की पहली आईवीएफ शिशु लुई ब्राउन का इंग्लैंड के ओल्डहैम शहर में जन्म.

हस्तियों के ट्वीट

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में सोशल मिडिया पर एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि देश में, खासकर गिरोंडे इलाके में लगी आग की वजह से हालात बहुत तनावपूर्ण बने हुए हैं. मेरी संवेदनाएं हमारे उन फायरफाइटर्स और बचाव कर्मियों के साथ हैं जो आग बुझाने के काम में लगातार जुटे हुए हैं. उनके साहस का सम्मान किया जाना चाहिए. फ्रांस ने यूरोपीय संघ के नागरिक सुरक्षा तंत्र को सक्रिय करने का अनुरोध किया है.



देश के गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में सोशल मिडिया पर एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कॉमनवेल्थ 6 गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका कौशल, समर्पण और अथक प्रयास निश्चित रूप से आने वाले गेम्स को विश्व मंच पर भारत की शानदार खेल प्रतिभा के प्रदर्शन में बदल देंगे और हर भारतीय को गौरवान्वित करेंगे. देश को आपकी प्रतिभा पर भरोसा है.

प्रलय हजारों घरों में घुसा पानी, लोग बेहाल, खेत से सड़क तक पानी ही पानी

भारी बारिश ने मचाई तबाही, 10 नदियां उफान पर

नई दिल्ली, 24 जुलाई. देश के कई राज्यों में लगातार बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं. भारी बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. असम में स्थिति सबसे गंभीर बनी हुई है, जहां कई जिले पानी में घिर गए हैं.

बाढ़ के कारण अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं गुजरात में गंगा-जमुना सहित 10 नदियां उफान पर हैं. जबकि 7.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य के 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं. इनमें गोलाघाट, होजई, कामरूप, चराइदेव, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शिवसागर, नागांव, कामरूप मेट्रो, कार्बी आंगलोंग और तिनसुकिया शामिल हैं. बाढ़ से 37 राजस्व सर्कल और 883 गांव प्रभावित हुए हैं. बारिश के पानी ने हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचाया है. रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25,375 हेक्टेयर से अधिक फसल बर्बाद हुई है. इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है. कई जगहों पर सड़क संपर्क टूट गया है और लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बाढ़ का सबसे ज्यादा असर शिवसागर जिले में देखने को मिला है. यहां करीब 3.75 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं.

> असम के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात में भी भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है. कई शहरों में सड़कों पर पानी भर गया है और लोगों को यातायात संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कई जगहों पर बारिश का पानी घरों और दुकानों तक पहुंच गया है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है. ऐसे में प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों के आसपास जाने से बचने की अपील की है.

सचिव/प्राचार्य, जन भागीदारी समिति, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैढ़न जिला सिंगरौली (म.प्र.) 486886

ई-मेल:-hegcbaisin@mp.gov.in मो.नं. 9424347785
क्रमांक/177/ज.स./अ.वि./2026 दिनांक 23.07.2026

अतिथि विद्वान भर्ती विज्ञापन

महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों के अध्यापन हेतु सत्र 2026-2027 के लिए अतिथि विद्वान पद पर आवेदन आमंत्रित है। विवरण निम्न लिखित है-

विषय	रिक्त पद	पात्रता	मानदेय
वनस्पति विज्ञान, रसायन, गणित, भौतिकी, प्राणीशास्त्र, वाणिज्य	प्रत्येक विषय में 1-1	म.प्र. अतिथि विद्वान प्रक्रिया एवं यू.जी.सी. के नियमानुसार	वर्तमान में देय रू 12000/-

1. विज्ञापित पदों को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।
2. आवेदन की अंतिम तिथि 05.08.2026 शायं 5 बजे तक है।
3. आवश्यक दस्तावेजों के साथ सादे पेपर पर पासपोर्ट साइज फोटो सहित स्वयं या डाक से प्राप्त आवेदन स्वीकार्य होगा।
4. अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के सूचना पटल या व्यवसाइट highereducation.mp.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

सचिव
जनभागीदारी समिति
Principal
Govt. Girls College Waidhan
Distt.- Singrauli (M.P.)